# समाचार

## सुशासन दिवस पर अटल परिसर का शिलान्यास हम सबके लिए गौरव का क्षण – उद्योग मंत्री

## (कोरबा के विवेकानंद उद्यान के समीप अटल परिसर का होगा निर्माण, प्रदेश के 162 नगरीय निकाय क्षेत्रों में अटल परिसर निर्माण की रखी गई आधारशिला, वहीं बिल्हा नगर में हुआ अटल परिसर का लोकार्पण)

## (मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने समारोह में वर्चुअल रूप से जुड़कर दिया आशीर्वचन

कोरबा 25 दिसम्बर 2024 – उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर कोरबा में अटल परिसर के निर्माण कार्य का शिलान्यास हम सबके लिए गौरव का क्षण है। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव को हृदय से धन्यवाद है कि उन्होने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के साथ कोरबा नगर निगम क्षेत्र में भी अटल परिसर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर छत्तीसगढ़ के निर्माता, भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जन्म जयंती के अवसर पर हम सबको यह सौगात दी है।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अटल परिसर निर्माण कार्य के शिलान्यास अवसर पर कही। कोरबा के विवेकानंद उद्यान के समीप 49 लाख 16 हजार रूपये की लागत से अटल परिसर का निर्माण किया जाना हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 162 नगरीय निकाय क्षेत्रों में अटल परिसर निर्माण की आधारशिला आज रखी गई, वहीं बिल्हा नगर में अटल परिसर का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह तथा उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव ने वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आयोजित अटल परिसर शिलान्यास समारोह को अपना आशीर्वचन प्रदान किया। कोरबा में प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने शिलान्यास कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न किया। उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण एवं पूजा अर्चना कर अटल परिसर निर्माण कार्य की शुरूआत कराई। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी हमेशा अपने सिद्धांतों पर अटल रहे हैं, उन्होने किसी भी परिस्थिति में सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, अटल जी की सरकार अपने सुशासन के लिए जानी जाती थी, देश के विकास में स्व.अटल जी के महान योगदान को इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाएगा, उन्होने कहा कि आज उनकी 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण कार्य की आधारशिला मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में रखी गई है,

कोरबा में जल्द से जल्द अटल परिसर साकार रूप लेगा, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अटल परिसर को भव्य स्वरूप में निर्मित व विकसित करें।

**अटल जी की एक–एक श्वास देश के लिए समर्पित** – इस अवसर पर निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री हितानंद अग्रवाल ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक अटल जी की एक–एक श्वास देश के लिए समर्पित रही है। उन्होने अपना पूरा जीवन देशहित में लगाया, अपने सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया, श्री अग्रवाल ने कहा कि अटल परिसर निर्माण हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूॅं।

**हम सबके प्रेरणाश्रोत एवं मार्गदर्शक रहा है अटल जी का जीवन** – इस अवसर पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत एवं मार्गदर्शन देना वाला रहा है, अटल जी ऐसे व्यक्तित्व के स्वामी थे, जिन्हें लोग आज भी राजनीति से ऊपर उठकर याद करते हैं, अटल जी आज भी करोडो दिलों में बसते हैं। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।

**आयुक्त ने रखा कार्यक्रम का संक्षिप्त प्रतिवेदन** – इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अटल परिसर निर्माण कार्य का संक्षिप्त प्रतिवेदन समक्ष में रखा। उन्होने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की कविताओं, टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण व राष्ट्र के विकास में स्वर्गीय अटल जी के महान योगदान को याद किया , उन्होने कहा कि स्वर्गीय अटल जी ने राष्ट्र के विकास, जनता की खुशहाली के लिए अपना जो महान योगदान प्रदान किया है, उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व सभापति अशोक चावलानी, मण्डल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, पार्षद रितु चौरसिया, नारायण दास महंत, ज्वाला प्रसाद पाण्डेय, धनेश्वरी साहू, चन्द्रलोक सिंह, पूर्व पार्षद योगेश जैन, सुशील गर्ग, लक्ष्मण श्रीवास, दिनेश वैष्णव, जगदीश श्रीवास, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त पवन वर्मा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा व अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, परविंदर सिंह, ललेश दुबे, राखी तिवारी, हारबाई यादव आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।